# भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पार्षदों का नगर परिषद के बाहर हल्ला बोल प्रदर्शन



भाजपा पार्षद व पदाधिकारियों ने नगर परिषद के बाहर प्रदर्शन किया।

- कांग्रेस बोर्ड पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप
- महिला पार्षदों ने सभापति की कुर्सी पर चूड़ियां भेंट की
- सभापति से इस्तीफा देने की मांग की

**बूंदी** (निसं)। भाजपा पार्षदों ने बुधवार को नगर परिषद के बाहर कांग्रेस बोर्ड के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए हल्ला बोल प्रदर्शन किया। भाजपा पार्षदों एवं पदाधिकारियों ने नगर परिषद के बाहर सभापति व नगर परिषद के कांग्रेस बोर्ड के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भाजपा जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल ने कहा की कांग्रेसी पार्षदों द्वारा डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत सभापति व कर्मचारियों के नाम पर मांगी जा रही है जो कि सरेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुई नजर आ रही है। कांग्रेस पार्षद रोहित बैरागी को एसीबी ने रिश्वत लेते हुए ट्रेप किया है। उसमें सभापति का भी नाम आ रहा है। भाजपा पार्षदों ने सभापति के इस्तीफे की मांग की है। भाजपा पार्षद मानस जैन, नवीन सिंह ने कहा कि पार्षद द्वारा नगर परिषद कर्मचारियों और सभापति के नाम पर रिश्वत ली गई साथ ही आयुक्त के फर्जी हस्ताक्षर वाले नोटिस भी त्रिभुवन सिंह को दिए गए है।

इससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस बोर्ड में सब मिले हुयें है और शहर में विकास के स्थान पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे है। वार्ड में कोई व्यक्ति निर्माण कार्य करा रहा है तो पार्षद को चाहिए की नगर परिषद अनुमति लेने की समझाईश करें ना कि उससे रिश्वत की मांग करने लग जाए। एसीबी की कार्यवाही के बाद यह तो साफ हो गया कि सभी कांग्रेसी पार्षद भ्रष्टाचार में लिप्त है। शहर में विकास के स्थान पर भ्रष्टाचार का बोलवाला बढ़ रहा है। सभापति को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

**सभापति कक्ष में घुसने को लेकर पुलिस से की धक्का-मुक्की:-** नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी के नेतृत्व में भाजपा पार्षद व भाजपा महिला जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ता सभापति कक्ष में घुसने का प्रयास करने लगे जिनको पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए रोका। जिसके चलते कहीं पार्षद व कार्यकर्ता पुलिस से धक्का-मुक्की व तकरार करते हुए नजर आए।

बाद में सभी सभापति कक्ष में घुस गए जहां सभापति नहीं होने पर जोरदार नारेबाजी करते हुए महिला पार्षद सरोज अग्रवाल एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मानव ने सभापति की कुर्सी पर चूड़ियां भेंट कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन करने वाला में भाजपा शहर अध्यक्ष महावीर खंगार, नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी, भाजपा जिला प्रवक्ता निर्मल मालव, नुपूर मालव, बसोली विस्तारक सौरभ वर्मा जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैथलिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, जिला महामंत्री रंजना जोशी, पार्षद सरोज अग्रवाल, संदीप यादव, कल्पना सेन, मनीष सिसोदिया, रमेश हाडा, ओम प्रकाश जांगिड, महावीर मीणा, त्रिलोक कुमावत, बालकृष्ण सोनी, संजय शर्मा, माला भूटानी, संजय भूटानी, भावना गौतम, बबीता दाधीच, गोलू नायक, सूरज बाई बिरला, जितेंद्र सिंह हाडा, जितेंद्र सिंह आमेरा, मोहन कराड, रोशन घेगट, दिलीप सिंह हाडा, लोकेश दाधीच, जमुना शंकर नट, मनफूल कराड़, मनोज गौतम, मनीष सेन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीसीसी उपाध्यक्ष शर्मा से मिले बथवाड़ा ग्रामवासी, विभिन्न समस्याएं बताई



पीसीसी उपाध्यक्ष हरिमोहन शर्मा का स्वागत किया।

**बून्दी** (निसं)। बून्दी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत, बथवाडा के ग्राम वासियों द्वारा बुधवार को प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा के निवास पर पहुंचकर विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों द्वारा बताया कि पूर्व में हुई अतिवृष्टि के कारण किसान वर्ग को काफी नुकसान उठाना पड़ा था जिससे राज्य के मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत की संवेदनशीलता के अनुसार ग्राम पंचायत को मुआवजा देने हेतु चयनित किया परंतु सर्वे होने एवं सूची में नाम आने के बावजूद अब तक कोई मुआवजा राशि ग्रामीणों को नहीं मिली है। शर्मा ने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या का शीघ्र समाधान करवाएंगे।

ग्राम वासियों द्वारा प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष , पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा की अनुशंसा पर हुए करोडों रुपए के ऐतिहासिक विकास कार्यों के संबंध में का 51 किलो की माला पहना कर आभार व्यक्त किया गया इस पर शर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि ग्राम पंचायत में अंथडा के विकास में कोई कमी नहीं आएगी वह सदैव उसके लिए तत्पर हैं। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सत्येश शर्मा, सरपंच संतोष धाकड , यशवंत शर्मा अंथडा एडवोकेट राम कैलाश नागर, रघुराज सिंह, राम सिंह विष्णु सिंह, दलवीर सिंह, बुद्ध राज सिंह, प्रभु लाल , बहादुर सिंह , दशरथ सिंह, महेंद्र नागर , उमाशंकर नागर , धनराज नागर रामविलास , रामलाल , धनराज जितेंद्र सिंह, श्याम सिंह सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले भामाशाह का सम्मान किया



आयोजन समिति के अध्यक्ष लाखन सिंह ने पत्रकार कमलेश शर्मा को सम्मानित किया।

**बूंदी** (निसं)। श्री श्याम गोशाला समिति एवं हिन्दू टाईगर फोर्स द्वारा आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग कर सम्मेलन को सफल बनाने वाले भामाशाहों का बुधवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं हिंदू टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह नायक द्वारा भामाशाह प्रतीक देकर सम्मान किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष नायक ने बताया कि सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में भामाशाह के रूप में सहयोग देने वाले समाज सेवी राजकुमार सांगेला, नीरज जी मेहंदीरत्ता, मुकेश सिंह चौधरी एवं पत्रकार कमलेश शर्मा पत्रकार का भामाशाह सम्मान प्रतीक भेंटकर अभिनन्दन किया गया।

## स्वर्ण पदक विजेता का स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन एवं महासचिव अशोक माहेश्वरी ने बताया ब्राजील में आयोजित डेफ ओलंपिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली कोटा जिले की बेटी गौरांशी शर्मा ने देश के साथ-साथ कोटा जिले के नाम विश्व में रोशन किया हैं। जैन एवं माहेश्वरी ने बताया कि रामगंजमंडी निवासी कोटा जिले की बेटी गोरांशी शर्मा का कोटा व्यापार महासंघ की ओर से आज (दिनांक 26 मई 2022 गुरुवार ) प्रात: 10.00 बजे छावनी स्थित होटल माहेश्वरी जलसा के बैंक्विट हॉल में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा इस स्वागत अभिनंदन समारोह में कोटा व्यापार महासंघ की सभी संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# तालाब गहरीकरण के कार्य का शुभारंभ किया

**कोटा,** (निसं)। मंडाना क्षेत्र के मांदलिया ग्राम पंचायत के जोधपुरा में तालाब गहरीकरण कार्य सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में बुधवार को प्रारम्भ हुआ। तरूण भारत संघ (जल बिरादरी) के प्रबंधक चिमन सिंह ने बताया कि डीसीएम श्रीराम फाउण्डेशन के प्रभारी अधिकारी राजेश दाधीच भी उपस्थित रहे।

दाधीच ने कहा कि धरती में जल का स्तर बढ़े उसके साथ ही क्षैत्र के किसान भी समृद्ध हो यही हमारा उद्देश्य है। मांदलिया के सरपंच भरत सिंह चारण ने कहा कि पूरे भारत में तरूण भारत संघ पानी का काम कर रहा है। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता जल बिरादरी के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र सिंह को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है। तरूण भारत संघ को सहयोग करना सभी ग्रामीणों का कर्त्तव्य है। चिमन सिंह ने बताया कि तरूण भारत संघ एवं जल बिरादरी के माध्यम से 13000 से अधिक तालाब एनीकट एवं छोटे बड़े बांधों का निर्माण किया। देश में 12 नदियों को जिंदा किया। ये सब स्थानीय लोगों की सांझेदारी से ही संभव हुआ।

तरूण भारत संघ के समन्वयक कार्यालय प्रभारी मुकेष गुर्जर, अभय सिंह के अलावा आईएएसपी संस्था के बच्चू सिंह, राजाराम, देवीलाल मीणा, लक्ष्मण, भागचंद, ग्यारसी राम भील, दिनेश गुर्जर, रामपाल मीणा, भंवर लाल मीणा एवं अन्य ग्रामीणजन भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि भंवरिया में मोहनपुरा और सोहनपुरा गांवों में भी दो तालाब तभासं ने निर्माण किया। राष्ट्रीय जल बिरादरी ने गत दिवस जल संकट से ग्रस्त मंडाना के सोहनपुरा एवं मोहनपुरा की वर्षा जल संरचना के कार्यों का अवलोकन कर किसानों से तालाबों की पाल पर आगामी वर्शा काल में पौधा रोपण करने का आव्हान किया। यहां तालाबों के निर्माण से वर्शा जल संग्रहण की अच्छी उम्मीद जगी है।

राष्ट्रीय जल बिरादरी की टीम ने गत जुलाई माह में कोटा जिले के जल संकट से जूझ रहे मंडाना क्षैत्र के आधा दर्जन गांवों के हालात जा जायजा लिया था। उसके बाद ग्राम मोहनपुरा और सोहनपुरा के दो विषाल तालाबों की जल भराव क्षमता बढाने एवं उन्हें पुर्नबहाल करने के काम डीसीएम श्रीराम के सहयोग से प्रारम्भ हुआ है। आने वाली वर्षा में यहां तालाब सरसब्ज हो जाऐंगे।

## परिंडे बांधकर वैवाहिक वर्षगांठ मनाई

**कोटा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी एवं गोपाल कृष्ण गौ सेवा समिति के संभागीय अध्यक्ष डॉ एल एन शर्मा ने धर्मपत्नि सुमन शर्मा के साथ 40वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर गौसेवा की एवं रंगबाड़ी बालाजी उद्यान में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने कहा कि गौ सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा करना चाहिए। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव मुरलीधर मालपानी सेवक मूलचंद मीणा विश्व हिंदू परिषद के मुकेश जोशी ललित दाधीच निहाल प्रजापत किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगन्नाथ नागर गोविन्द सेन भूपेंद्र जैन नितेश कुमार आदि ने 40 परिंदे बांधकर उनमें रोजाना स्वच्छ पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली।

# 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान के द्वितीय चरण के चौथे शिविर का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत दी जा रही विशेष छूट एवं नियमों में सरलीकरण का लाभ आमजन को बखूबी मिल रहा है।

अभियान के तहत दूसरे चरण में भी कोटा नगर विकास न्यास की ओर से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को नगर विकास न्यास के चौथे 3 दिवसीय शिविर का शुभारंभ नयापुरा उम्मेद सिंह स्टेडियम में हुआ। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपने मकान व भूखंडों का पट्टा बनवाने के लिए आवेदन किए।

शिविर के प्रभारी कोटा नगर विकास न्यास के उप सचिव मोहम्मद ताहिर ने बताया कि एक ही छत के नीचे शिविर में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए नगर विकास न्यास ने आवेदकों को प्रक्रिया पूर्ण करवा कर पट्टे वितरित किए।

शिविर में पहले दिन 160 आवेदकों को पट्टे तैयार कर वितरित किए गए कृषि भूमि बसी अनुमोदित आवासीय योजनाओं के 157 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 156 आवेदन स्वीकृत कर आवेदकों को पट्टे सौपे वही कच्ची बस्ती नियमन के अंतर्गत 3 आवेदकों ने आवेदन किया था जिनको शिविर में प्रक्रिया पूर्ण कर तुरंत पट्टे बनाकर सौंपे।

न्यास कर्मचारियों ने क्षेत्र के विभिन्न घरों में पहुंचकर सरकार द्वारा अभियान के तहत दी जा रही अभूतपूर्व छूट एवं नियमों के सरलीकरण की जानकारी देकर अभियान के तहत दी जा रही सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की।

उप सचिव ने बताया कि 27 मई तक शिविर जारी रहेगा जिसमें कोटा उत्तर निगम के वार्ड 13 से 19 तक 3 दर्जन से अधिक अप्रूव्ड आवासीय योजनाओं एवं कच्ची बस्ती नियमन के तहत आवेदकों को अपने भूखंड का आवासों का मालिकाना हक सौंपा जाएगा।

## रिलाएबल के तीन स्टूडेंट्स आईओक्यू पार्ट-बी टॉपर्स लिस्ट में

**कोटा,** (निसं)। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) मुम्बई द्वारा इंटरनेशनल ओलम्पियाड के लिए आयोजित इंडियन ओलम्पियाड क्वालीफायर (आईओक्यू) पार्ट-बी के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इसके लिए जारी टॉपर्स लिस्ट में रिलायबल स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। रिलायबल इंस्टीट्यूट के मयंक मोटवानी ने फिजिक्स और केमेस्ट्री ओलम्पियाड, रिदम केडिया ने एस्ट्रोनोमी तथा मैथ्स ओलम्पियाड तथा अक्षत पाण्डेय ने भी मैथ्स ओलम्पियाड की टॉपर्स लिस्ट में जगह बनाई है। एचबीसीएसई द्वारा इंडियन नेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड में 49, फिजिक्स ओलम्पियाड के लिए 39 और एस्ट्रोनोमी-एस्ट्रोफिजिक्स ओलम्पियाड के लिए 44 स्टूडेंट्स की टॉपर्स लिस्ट जारी की है। इनमें रिलायबल के स्टूडेंट्स ने जगह बनाई है। इन सभी स्टूडेंट्स को एचबीसीएसई द्वारा इंडियन नेशनल ओलम्पियाड के प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

# जल संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित हुई

- 'पानी चाहिए तो पेड़ लगाओ और बचाओ'

**कोटा,** (निसं)। हेरिटेज एक्सप्रेशन ऑफ आर्ट एण्ड रूरल ट्रेडिशन सोसायटी, उदयपुर, जल बिरादरी, राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाईड संगठन एवं कोटा एनवायरमेंटल सेनीटेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में बूंदी जिले के डाबी में "जल ही जीवन-आओ बचावे "विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

इसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जल बिरादरी के प्रदेश उपाध्यक्ष पर्यावरणविद् बृजेश विजयवर्गीय ने कहा कि पानी चाहिए तो पेड़ों को बचाना और लगाना होगा। पेड़, पौधे ही पानी बनाने की प्राकृतिक फैक्ट्री है। उन्होंने चम्बल नदी के प्रदूषण को खतरनाक बताते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण व स्वछता पर जोर दिया। रामकृष्ण शिक्षण संस्थान भदाना के महामंत्री पूर्व पार्षद युधिष्ठिर चानसी ने खाद्यान्न सुरक्षा के लिए जैविक अनाज, तरकारियों के उत्पादन जोर देते हुए कहा कि इसका नया बाजार तैयार हो रहा है और रोजागार के नए अवसर खुल रहे है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री कौषिक गायत्री परिवार बोरखेड़ा के मुख्य संरक्षक यज्ञदत्त हाड़ा ने बूंद-बूंद पानी बचाने और नशे की घातक प्रवृत्ति से बचने का आव्हान किया।

हाड़ा ने नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार डालने पर जोर दिया। चाईल्ड लाईन बूंदी की काउंसलर सुमन शर्मा व पूजा हाड़ा ने बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति आदि समाजिक कुरीतियों के खिलाफ महौल बनाने में जागरूकता की जरूरत बताया। कार्यक्रम संयोजक एमए सिद्दीकी ने सिलाई प्रशिक्षण, स्वयंसहायता समूह आदि प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त किशोरी शबाना को उसके विवाह पर अतिथियों ने सिलाई मशीन भेंट की। समाजसेवी अर्चना राजावत ने सिलाई रोजगार की बारीकियां बताई। प्रशिक्षिका रानी सैनी एवं विदिशा गुप्ता, सिद्दीकी ने बताया कि प्रशिक्षण में 100 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्हें भी सम्मानित किया।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी का अभियुक्त गिरफ्तार

**मांगरोल** (निसं)। मांगरोल थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के सह आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक कल्याण मल मीणा द्वारा अवैध कारोबार जुआ सट्टा अवैध शराब बिक्री एव अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम पुराने प्रकरणों मे फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेन्द जैन बारां के सुपर विजंन मे उपधिक्षक तरूणकांत सोमानी आरपीएस अन्ता की पालना मे थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा उ:नि: मांगरोल, कांस्टेबल राकेश, कांस्टेबल मनोज टीम ने एनडीपीएस एक्ट थाना अंन्ता से गांजा तस्करी के सह आरोपी हरिमोहन उर्फ मामा पुत्र भीमा (34) निवासी मांडपुर बिच्छुलंक्या थाना दाई जिला बूंदी को गिरफ्तार किया।

## चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**बूंदी** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर करतार सिंह ने मंगलवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बूंदी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिंह ने पंचकर्म चिकित्सा इकाई में उपचाररत रोगियों से फीडबैक भी प्राप्त किये। इस अवसर पर उन्होंने पंचकर्म चिकित्सा इकाई, आंचल प्रसूता इकाई, जरावस्था निवारण इकाई, अंतरंग ईकाई का भी निरीक्षण किया।

## हत्या के आरोपी पति-पत्नी को जेल भेजा

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के गांव टूटीबर्डी में शनिवार शाम को लगभग आधा दर्जन ग्रामीणों द्वारा की गई जमकर मारपीट से एक युवक की हुई हत्या के मामले मे पुलिस ने बुधवार को इस आरोप में पति-पत्नि को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया हैं। बपचा थानेदार नंदसिंह राजावत ने बताया कि टूटीबर्डी निवासी रमेश लोधा की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने इसी गांव निवासी जयलाल लोधा व उसकी पत्नि मुकेष बाई को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वही पुलिस इस मामलें मे सघन जांच कर रही हैं।

## जन्मदिन पर पौधे लगाये

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के भारत विकास परिषद परिसर में बुधवार को समाज सेवी मूलचंद मेघवाल के नेतृत्व में केशोरायपाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल का पौधरोपण कर जन्मदिवस मनाया गया और दीर्घायु की कामनाएं की। इस दौरान पार्षद मुकेश पांचाल, समाजसेवी जितेंद्र साहू, सारांश मेघवाल, व सोनू आदि उपस्थित रहे।

# बून्दी में विचाराधीन मामलों को नैनवां ट्रांसफर करने पर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त



जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर अभिभाषक परिषद अध्यक्ष आनंद सिंह नरूका व अभिभाषकों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**बूंदी** (निसं)। अभिभाषक परिषद बूंदी ने बुधवार को जिला जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर नैनवा उपखंड क्षेत्र के बूंदी में विचाराधीन लंबित प्रकरणों को नैनवा एडीजे कोर्ट में ट्रांसफर करने के आदेश को निरस्त करने की मांग का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

अभीभाषक परिषद बूंदी के अध्यक्ष आनन्द सिंह नरूका ने बताया कि राज्य सरकार के16 मई के आदेश से बूंदी में विचाराधीन मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के अंतर्गत ,पारिवारिक न्यायालय में लंबित प्रकरण व विशिष्ट अधिनियम में लंबित प्रकरण जो नैनवा उपखंड क्षेत्र के हैं को नैनवा एडीजे कोर्ट में ट्रांसफर करने का आदेश जारी किया है। जिसे अभिभाषक परिषद बूंदी के अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। राज्य सरकार के इस आदेश से पक्षकारों को आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी। क्योंकि पक्षकारों ने मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं को फीस व समस्त दस्तावेज पहले ही दे दिये है। प्रकरण नैनवा ट्रांसफर होने से पक्षकारों पर आर्थिक बोझ तो पड़ेगा ही साथ ही अधिवक्ताओं को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

पारिवारिक न्यायालय व मोटर दुर्घटना अधिनियम के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों के लिए पूर्व में ही बूंदी जिले में विशेष न्यायालय स्थापित किये गये थे। लेकिन 16 मई के आदेश से प्रकरण ट्रांसफर होने से इन न्यायालयों में लंबीत करीब 500 से अधिक पत्रावलीया ट्रांसफर हो जाएगी। जिससे बूंदी शहर में स्थापित विशेष न्यायालयों का कोई महत्व नहीं रह जायेगा।

अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर से जनहित में पूर्व में चली आ रही व्यवस्थाओं को यथावत रखने की मांग की है।अभिभाषक परिषद के उपाध्यक्ष राजीव लोचन गौतम, मुकेश जोशी, दुर्गाशंकर शर्मा ,एजाज अहमद, अजय नुवाल ,श्याम सुंदर गौतम, कमलेश शर्मा ,कन्हैया लाल मीणा,जुगराज गुर्जर,मनोज गौतम, अशोक मीना, रघुराज सिंह हाडा व अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**छबड़ा,** (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 21 जून को 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के चलते आमजन में जनजागृति के लिए वेयर हाउस परिसर में सुबह 6 से साढ़े सात बजे तक योग कक्षाएं चल रही हैं, यहां योग शिक्षक हरिओम सेन द्वारा योग, प्राणायाम का अभ्यास करवाया जा रहा है। योग शिक्षक सत्यनारायण गालव ने बताया कि बुधवार को योग कक्षा में अलख निरंजन ज्योति ध्यान योग केंद्र, समिति अमीरपुर खेडी के अध्यक्ष शंकरलाल नागर द्वारा योग साधकों को शरीर के कायाकल्प के लिए भ्रामरी ओर ओंकार नाद योग का अभ्यास करवाया। यहां निरंतर चल रही योग कक्षा में बुधवार को शरीर ढीला, सरल करने का अभ्यास, खड़े होकर, बैठकर, लेटकर करने वाले योग, आसन एवं प्राणायाम करवाए जा रहे है। दैनिक योग कक्षा में बृजेश कुमार विजय, सत्यनारायण गालव, पवन सेन, सत्यनारायण नागर, मोहन लाल नागर, हिम्मत सोनी, रमेशचंद वर्मा, राजेंद्र मेघवाल आदि योग साधकों ने योग अभ्यास में भाग लेकर सभी उपस्थित योग साधकों से आमजन को उत्तम स्वास्थ्य के लिए घर पर ही योग करें।

**कार्यालय समन्वयक, Pre-M.P.ED. 2022**
शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

**निविदा सूचना संख्या-08/2022-23**

राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में संचालित M.P.ED. पाठ्यक्रम में केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से आनॅलाईन प्रवेश सम्बन्धी Pre & Post कार्य के लिये दर संविदा हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी निविदादाताओ से निर्धारित प्रपत्र में अनुमानित लागत रु. 04.00 लाख की खुली निविदाएँ दिनांक 01/06/22 को दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in और University website www.uok.ac.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. विजय सिंह)
समन्वयक

UBN No.: UOK2223SSOB00007